epaper
हिन्दुस्तान

पांच लाख आबादी को बिजली कटौती व लो-वोल्टेज से मिलेगी राहत

सौ करोड़ से सुधरेगी लखनऊ की बिजली व्यवस्था

28/05/2022

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ की बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए लेसा को 100 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसमें करीब 10 उपकेंद्रों का निर्माण होगा।

इससे करीब पांच लाख आबादी को बिजली कटौती व लो-वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी। प्रस्तावित उपकेंद्र गोमतीनगर के विनम्रखंड, विशेषखंड, देवा रोड, सतरिख रोड, एसटीपी भरवारा, राजाजीपुरम, लाटूश रोड, विकासनगर, ईटीआई व इंदिरानगर में बनाए जाएंगे। मध्यांचल निगम के एमडी अनिल ढींगरा ने बताया कि सभी उपकेंद्र 20-20 एमवीए क्षमता के बनाए जाएंगे। अधिकांश जगहों पर जमीन चिन्हित हो चुकी है। प्रत्येक उपकेंद्र की लागत लगभग आठ करोड़ रुपये है। इसके अलावा सरोजनीनगर, नादरगंज, आशियाना, अहिबरनपुर, कमता, उतरेठिया, आलमबाग, ठाकुरगंज, चौक इलाकों में एबीसी लाइन बिछाई जाएगी।

यहां बनेंगे उपकेंद्र

- विनम्रखंड
- विशेषखंड
- देवा रोड
- एसटीपी भरवारा
- सतरिख रोड
- राजाजीपुरम
- लाटूश रोड
- विकासनगर
- ईटीआई
- इंदिरानगर

10 नए बिजली उपकेंद्र बनेंगे लखनऊ में

ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ेगी

एमडी के मुताबिक बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली मुहैया कराने के लिए ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की जाएगी। इसके अलावा इंदिरानगर, चिनहट, जानकीपुरम सहित अधिकांश इलाकों में नये ट्रांसफार्मर लगेंगे।